# अब शासकीय कॉलेजों में होंगी जेयू की परीक्षाएं, कुछ पर मेहरबानी के आसार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च.** जीवाजी विश्वविद्यालय ने स्नातक (यूजी) तृतीय वर्ष की परीक्षाओं के लिए सेंटर लिस्ट जारी कर दी है, लेकिन इस सूची ने विवि की कार्यप्रणाली

**60 कॉलेजों में 37,698 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**

पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विवि प्रबंधन ने इस बार बड़ा बदलाव करते हुए निजी कॉलेज व स्कूलों को पूरी तरह से बाहर रखा है। ग्वालियर-चंबल संभाग के 60 शासकीय कॉलेजों को ही सेंटर बनाया गया है, जहां 37,698 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।




परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के दावे के साथ विवि ने इस बार किसी भी अशासकीय महाविद्यालय को केंद्र नहीं बनाया है। यहां तक कि मेंहगाँव के निजी कॉलेज पंडित दीनदयाल महाविद्यालय, जो कि सेंटर की दौड़ में हमेशा आगे रहता था, उसे भी लिस्ट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। उसकी जगह अब छात्र सरकारी कॉलेज में परीक्षा देंगे।

**कैलारस और पोरसा में राहत देने के लिए कमेटी गठित**

विवि की निष्पक्षता पर मुरैना जिले को लेकर उंगली उठ रही है। विवि ने पूरे संभाग की लिस्ट जारी कर दी, लेकिन मुरैना को होल्ड पर रख दिया है। मुरैना में सेंटर बनाने के लिए एक विशेष कमेटी गठित की गई है, जो व्यवस्थाओं का जायजा ले रही है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब भिंड और शिवपुरी जैसे संवेदनशील जिलों में बिना किसी कमेटी की रिपोर्ट के शासकीय कॉलेजों को सेंटर बना दिया गया, तो मुरैना में ही खास जांच क्यों? आरोप लग रहे हैं कि कुछ अधिकारी कैलारस और पोरसा के कॉलेजों को उपकृत करने के लिए सांठगांठ में जुटे हैं। यही कारण है कि यहां की लिस्ट जारी करने में देरी की जा रही है।

## यूपीएससी में ग्वालियर की सृष्टि गोयल की 160वीं रैंक



**ग्वालियर।** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 160वीं रैंक हासिल कर ग्वालियर का नाम रोशन करने वाली शहर की प्रतिभाशाली छात्रा कु. सृष्टि गोयल को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि ग्वालियर के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कु. सृष्टि गोयल के पिता मुरार स्थित काल्पी ब्रिज के पास गणेश पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के संचालक हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान इसी पेट्रोल पंप पर जरूरतमंद महिलाओं को 'शक्ति दीदी' की जिम्मेदारी सौंपने पहुँची थीं।





महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुधि महिला पाठकों के लिये विशेष भेंट

नारी शक्ति के सम्मान में सुरुचि का विशेष अंक 8 मार्च 2026 को प्रकाशित किया जा रहा है. सुधि पाठक सुरुचि का यह अंक **रविवार 8 मार्च** को अपने हॉकर से लेना न भूलें


# फैक्ट्रीकर्मी का एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 2 .91 लाख

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च.** मालनपुर की एक फैक्ट्री का कर्मचारी ठगी का शिकार हो गया। एटीएम कार्ड बदलकर शातिर बदमाश ने उसके खाते से 2.91 लाख रुपये निकाल लिए। घटना 5 अक्टूबर की है, लेकिन इसका खुलासा तब हुआ जब जनता ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। घटनाक्रम मुरार थाना क्षेत्र का है।

शिवकुमार पटेल पुत्र वंशीलाल पटेल निवासी सूरी नगर मुरार मालनपुर स्थित फैक्ट्री में काम करते हैं। 10 अक्टूबर को यह सात नंबर चौराहे पर एटीएम से रुपए निकालने गए थे। रुपए निकालने के लिए शिवकुमार ने

**एटीएम में फंस गया था कार्ड, निकालने के बहाने कर दी वारदात**

कार्ड मशीन में डाला तो वह फंस गया। बगल में ही एक अन्य युवक खड़ा था तो उसने कहा कि मैं कार्ड निकाल देता हूं। कार्ड निकालने के दौरान युवक ने उसे बदल दिया और अपना कार्ड थमा दिया। शिवकुमार पटेल बिना रुपए निकाले ही वापस आ गए। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर रुपए निकलने का मैसेज आया तो वह हक्के-बक्के रह गए। उस समय मुरार पुलिस के पास गए तो पुलिस ने सिर्फ आवेदन लेकर टरका दिया और जांच करने की बात कही। शिवकुमार पटेल के साथ हुई घटना का खुलासा उस समय हुआ जब 25 फरवरी को मुरार की जनता ने प्रदीप शिवहरे पुत्र राकेश शिवहरे निवासी फोर्ट व्यू कॉलोनी को संदेह होने पर पकड़ लिया था। आरोपी प्रदीप शिवहरे की तलाशी ली गई तो उसके पास से भारी संख्या में एटीएम कार्ड मिले थे। प्रदीप शिवहरे से पूछताछ शुरु की गई तो उसने बताया कि कुछ महीने पहले उसने सात नंबर चौराहे पर एटीएम कार्ड बदलकर एक व्यक्ति के 2.91 लाख रुपए निकाल लिए थे। इतनी बड़ी रकम निकाले जाने की बात सुनते ही पुलिस ने थाने में पेंडेंसी में पड़े आवेदनों को खंगाला तो उसमें शिवकुमार पटेल का आवेदन धूल खाता हुआ मिल गया।

# दो पक्ष आपस मे भिड़े, चलाई गोलियां

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च.** पुराने विवाद के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए, जिसमें दोनों ओर से फायरिंग होने की भी सूचना है। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस के समक्ष दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं, जिससे पुलिस द्वारा फिलहाल मामले की विवेचना की जा रही है। जानकारी के मुताबिक ग्वालियर थाना क्षेत्रांतर्गत मेवाती मोहल्ला मुगलपुरा और जगनपुरा में रहने वाले शहजान खान, आमिर खान



व रियाज खान एवं कपिल, कालू व छोटू आदि के बीच पुरानी टशन चल रही है। बीती रात जबदोनों गुटों का सामना हुआ, तो उनके बीच कहा-सुनी हो गई। देखते ही देखते उनमें मारपीट होने लगी। बताया गया है कि इसी बीच दोनों पक्षों की ओर से कट्टे- बंदूकें निकालकर फायरिंग कर दी गई। देर रात गोलियां चलने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई।

**पुलिस छावनी में तब्दील हुआ इलाका**

देर रात फायरिंग होने की सूचना पाकर ग्वालियर टीआई प्रशांत शर्मा तुरंत फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, तो हालात तनावपूर्ण पाकर अतिरिक्त बल को बुलवाया गया। वहीं अन्य पुलिस अफसर भी वहां पहुंच गए। जिसके बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हुआ नजर आया। घटना को लेकर दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। जिससे हकीकत का पता लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रही है।

**इनका कहना है**

दो पक्षों के बीच रंजिश के चलते झगड़ा हो गया था। हालात पूरी तरह से काबू में हैं। फिलहाल विवेचना नारी है। घटना की तस्दीक उपरांत पानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशांत शर्मा टीआई, ग्वालियर**

# गूंजी शहनाइयां, बाजारों में लौटी रौनक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च.** होलाष्टक के समापन और होली पर्व के बाद विवाह समारोहों की रौनक शुरू हो गई है। जैसे ही विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू हुए, शहर में शहनाइयों

**14 मार्च तक ही विवाह के मुहूर्त 15 मार्च से शुरू होगा खरमास**

की गूंज सुनाई देने लगी है। हालांकि यह शुभ समय अधिक दिनों तक नहीं रहने वाला है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 6 मार्च से 14 मार्च तक ही लगातार विवाह के मुहूर्त हैं। इसके बाद 15 मार्च से खरमास प्रारंभ हो जाएगा, जो 14 अप्रैल तक चलेगा। इस कारण मार्च महीने में केवल नौ दिनों तक ही विवाह समारोह आयोजित किए जा सकेंगे।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि खरमास को धार्मिक दृष्टि से मांगलिक कार्यों के लिए शुभ नहीं माना जाता है। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ कार्यों को टालने की परंपरा है। इसलिए 15 मार्च से पहले विवाह करने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसी कारण सीमित दिनों में ही बड़ी संख्या में शादियां होने की संभावना जताई जा रही है। शहर और आसपास के जिलों में इन नौ दिनों के भीतर करीब डेढ़ हजार शादियां होने का अनुमान है। विवाह समारोहों की तैयारियां कई घरों में जोर-शोर से चल रही हैं। मैरिज गार्डन, होटल और बैंक्वेट हॉल की बुकिंग पहले से ही लगभग पूरी हो चुकी है। कई परिवारों ने शुभ मुहूर्त को देखते हुए अपने कार्यक्रम तय कर लिए हैं।



विवाह मुहूर्त शुरू होते ही शहर के बाजारों में भी रौनक लौट आई है। सराफा बाजार में सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी बढ़ गई है। दुल्हन के लिए हार, कंगन, मंगलसूत्र और अन्य आभूषणों की मांग में तेजी देखी जा रही है। ज्वेलर्स का कहना है कि पिछले कुछ दिनों की तुलना में अब ग्राहकों की संख्या काफी बढ़ गई है। कपड़ा बाजार में भी अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिल रही है।

दूल्हा-दुल्हन के लिए विशेष परिधान, पारंपरिक साड़ियां, लहंगे और शेरवानी की खरीदारी जोरों पर है। दुकानदारों के अनुसार विवाह के मौसम के कारण ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। कई लोग परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी कपड़े और उपहार खरीद रहे हैं।

# आरक्षण रोस्टर से खिलवाड़ बर्दास्त नही : चौ .मुकेश मौर्य

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च.** म.प्र.अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांताध्यक्ष

**विवि में आरक्षण रोस्टर की जा रही अनदेखी :अजाक्स**

चौ.मुकेश मौर्य ने विश्व विद्यालयों से प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में



आरक्षण रोस्टर का अनाधिकृत व्यक्तियों से सांठ-गाँठ कर नवीन पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है,जो राज्य सरकार की मंशा के विपरीत होकर म.प्र.शासन के दिशा-निर्देशों का खुला उल्लंघन हैं। उक्त संदर्भ में कुलगुरु एवं कुलसचिव जीवाजी विश्व विद्यालय प्रशासन को पत्र प्रेषित कर नियमों के विपरीत जाकर की जा रही भर्तियों पर रोक लगाए जाने हेतु अवगत करा दिया गया है। पत्र पर संज्ञान ना लिए जाने की स्थिति में अजाक्स संगठन अनुसूचित जाति-जनजाति वर्गों के हित-संरक्षण के लिए माननीय न्यायालय की शरण में जाने के लिए विवश होगा। इसके साथ ही कई विश्व विद्यालयों में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के एसोसिएट प्रोफेसर,असिस्टेंट प्रोफेसरो के साथ जातिगत दुर्भावना रखते हुए उन्हें उनके नीतिगत अधिकारों से वंचित करने की भी शिकायते संगठन को प्राप्त हुई हैं,जिसे अजाक्स किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं करेगा।इन्ही लिखित तथ्यों को आधार बनाकर अजाक्स तकनीकी शिक्षा,उच्च शिक्षा मंत्रालय भोपाल एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली को पत्र लिखकर अनुसूचित जाति-जनजाति वर्गों के समक्ष विश्व विद्यालयों में जातिगत दुर्भावना रखते हुए उत्पन्न किए जा रहे हालातों से अविलंब संज्ञान लेने हेतु अवगत कराएगा।

# 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च** जिले में भी विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य हासिल करने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित कराया जा रहा है। साथ ही स्थानीय समस्याओं का निराकरण भी हो रहा है। अभियान के द्वितीय चरण में विकासखंड मुरार के अंतर्गत गत 16 फरवरी से अब तक 65



क्लस्टर स्तरीय शिविर लगाए गए। द्वितीय चरण के शिविर 16 मार्च तक जारी रहेंगे। जनपद पंचायत मुरार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन शिविरों में कुल 6 हजार 637 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 5 हजार 970 आवेदन स्वीकार किए गए। साथ ही शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया प्रचलन में है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 6 मार्च को ग्राम पंचायत जग्गूपुरा में लगाए गए शिविर में 101 आवेदन प्राप्त हुए इनमें से 64 आवेदन मौके पर ही स्वीकृत किए गए। संकल्प से समाधान अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी शिविर लगाए जा रहे हैं।

इन शिविरों के नोडल अधिकारी का दायित्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, बीईओ जोनल अधिकारी इत्यादि को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। अभियान के तृतीय चरण में 16 से 26 मार्च तक विकासखण्ड स्तर पर और चतुर्थ चरण में 26 मार्च से 31 मार्च के बीच जिला स्तर पर शिविर लगाए जाने हैं। शिविर में भाग लेने के लिए पोर्टल पर आम नागरिक शिविर के पूर्व अपनी सुविधानुसार शिविर रोस्टर से शिविर का चयन कर अपना आवेदन पोर्टल पर दर्ज कर

# 20 वर्षीय युवती से गैंग रेप, आरोपी फरार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च.** बुआ के घर रहने गई 20 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 19 फरवरी की है और जब पीड़ित युवती की तबियत खराब हुई तो मामले का पता चला। डबरा देहात थाना पुलिस ने तीन नामजद युवकों के खिलाफ दुष्कर्म करने का मामला कायम किया है। आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें प्रयास कर रही हैं। डबरा देहात थाना क्षेत्र के महाराजपुरा गांव में रहने वाली 20 वर्षीय युवती 10 फरवरी को अपनी बुआ के घर गई थी। 19 फरवरी को युवती बुआ की दुकान के पास टिक्की खाने चली गई। रात करीब 8 बजे टमटम में बैठकर दो युवक वहां पहुंचे और युवती का मुंह बंद करके उसे जबरन टमटम में बैठा लिया। युवती को उठाने के बाद टमटम सवार बदमाशों ने एक और युवक को गाड़ी में बैठाया और अरु तिराहा के पास बने एक कॉलेज में ले गए। तीनों बदमाशों ने बारी-बारी से युवती के साथ दुष्कर्म किया और 20 फरवरी की सुबह उसे बुआ की दुकान के पास ही छोड़ दिया। कुछ दिन बाद युवती की तबियत खराब हुई तो उसकी चाची ने उससे बात की। दुष्कर्म का शिकार हुई युवती ने पूरी घटना अपनी चाची को बताई। घटना की बात पता चलते ही परिजन डबरा देहात थाना पहुंचे और पुलिस को मामला बताया।

# प्रस्तावित बाजार मूल्य गाइडलाइन के सुझाव, दावे व आपत्तियां 15 तक दे सकेंगे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च.** अगले वित्तीय वर्ष के लिए ग्वालियर जिले की अचल संपत्तियों की प्रस्तावित बाजार मूल्य गाइडलाइन के संबंध में सुझाव, दावे व आपत्तियां मांगी गई हैं। आमजन 15 मार्च की सांय 6 बजे तक अपने सुझाव, आपत्तियाँ एवं सुधार प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्तावित गाइडलाइन का अवलोकन एनआईसी पोर्टल https://gwalior.nic.in के अलावा जिला पंजीयक कार्यालय तथा उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर, डबरा एवं भितरवार में किया जा सकता है। ज्ञात हो कलेक्टर रुचिका चौहान की अध्यक्षता में गत 27 फरवरी को आयोजित हुई जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में वर्ष 2026-27 की गाइडलाइन के प्रस्तावों पर चर्चा हुई थी।

बैठक में उप जिला मूल्यांकन समिति ग्वालियर, डबरा एवं भितरवार से प्राप्त अचल संपत्ति के बाजार मूल्य (प्रारूप गाइडलाइन) प्रस्तावों का परीक्षण किया गया। साथ ही बाजार मूल्य की वास्तविक स्थिति, पंजीकृत दस्तावेजों के मूल्य, क्षेत्र के विकास की अवस्था, सड़क संपर्क, व्यावसायिक गतिविधियों तथा स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर दरों के निर्धारण पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि जिन स्थानों पर 100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि प्रस्तावित की गई है, उनका पुनः परीक्षण कर जहाँ विकास की दर अधिक है वहाँ दरों में वृद्धि की जाए। इसी तरह जहाँ पंजीयन की संख्या कम है वहाँ अनावश्यक वृद्धि न की जाए।

बैठक में उप जिला मूल्यांकन समिति डबरा द्वारा कुछ विशिष्ट स्थानों पर कम वृद्धि प्रस्तावित किए जाने पर कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए कि संबंधित उप जिला मूल्यांकन समिति से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुधार किए जाएँ। साथ ही संशोधित प्रस्ताव आमजन के अवलोकन हेतु प्रकाशित किए जाएँ। वरिष्ठ पंजीयक अशोक शर्मा ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार प्रस्तावों में आवश्यक सुधार कर उन्हें आमजन के सुझाव एवं आपत्तियों के लिए प्रकाशित किया गया है। प्राप्त सुझावों व आपत्तियों के आधार पर अंतिम गाइडलाइन का निर्धारण किया जाएगा।

## प्रदर्शनी के लिए आज तक ही भेज सकेंगे कलाकृतियां

**ग्वालियर 6 मार्च.** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार एवं प्रदर्शनी-2026 का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए कलाकृतियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 02 मार्च प्रकाशित की गई थी। कलाकृतियों को अब 7 मार्च को सायं -5 बजे तक स्वीकार किया जा सकेगा। उल्लेखित समय एवं तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली कलाकृतियों को स्वीकार नहीं किया जा सकेगा। कलाकृतियां जमा करने के स्थान पूर्व वर्षों की भांति कलावीथिका ग्वालियर, ललित कला महाविद्यालय-जबलपुर/ इंदौर एवं उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, भोपाल यथावत रहेंगे।

# पीएम आवास फेस-2 के रहवासियों ने समस्याओं को लेकर कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 6 मार्च.** महलगांव सिटी सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास फेस-2 यशोदा रेसिडेंसी के सामने रहने वाले रहवासियों ने शुक्रवार को नगर निगम पहुंचकर कमिश्नर को अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए

**पानी की कमी, लिफ्ट में फंसने की घटनाएं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी**

ज्ञापन सौंपा।

मल्टी की नवनिर्मित समिति के अध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी और सचिव एडवोकेट शैलेश बोहरे ने बताया कि परिसर में पिछले कई महीनों से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ यह समस्या और बढ़ने की आशंका है। रहवासियों ने मांग की कि मल्टी के सामने से



गुजर रही अमृत जल योजना की पाइपलाइन से 6 इंच का कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए, जिससे पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

उन्होंने बताया कि बिजली जाने की स्थिति में लिफ्ट संचालन के लिए लगाया गया जेनरेटर ऑटोमैटिक नहीं है। इसके कारण कई बार लोग लिफ्ट में फंस जाते हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पिछले एक वर्ष से जेनरेटर में डीजल की कमी और बैटरी खराब होने की शिकायतें अधिकारियों को दी जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

रहवासियों के अनुसार फ्लैट की रजिस्ट्री के समय दो वर्ष के मेंटेनेंस के लिए एकमुश्त राशि जमा कराई गई थी, लेकिन इसके बावजूद परिसर में नियमित सफाई, सुरक्षा गार्ड, जेनरेटर में डीजल और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है। परिसर में कई जगह बिजली के तार खुले पड़े हैं, खराब ट्यूबलाइट नहीं बदली गई हैं और वोल्टेज फ्लक्चुएशन के कारण कई विद्युत उपकरण खराब हो चुके हैं।

इसके अलावा मल्टी के चारों ओर सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल और गेट भी ठीक से तैयार नहीं किए गए हैं, जिसके कारण संदिग्ध लोगों का आना-जाना बना रहता है। रहवासियों का कहना है कि यहां चोरी की घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिनकी शिकायत संबंधित पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

समिति अध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी ने सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही अनियमितताओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कमिश्नर से पानी के बल्क कनेक्शन सहित अन्य समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। साथ ही उन्होंने कमिश्नर को परिसर का निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याओं से रूबरू होने का निमंत्रण भी दिया


**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण, ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/ग्वा.वि.प्रा./आनन्द नगर/सम्पदा/2026/1585 — ग्वालियर, दिनांक : 02-03-2026

रेरा पंजीयन क्रमांक P-Gwl.18.1821

"सबका सपना, घर हो अपना"

**आनन्द नगर 44 फ्लैट्स**

फ्लैट क्रय करने का सुनहरा अवसर

ग्वालियर विकास प्राधिकरण की **आनंद नगर योजना** में निर्मित फ्लेटों का व्ययन नियम 2018 के तहत निम्न इकाईयों के लिए ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | इकाई का विवरण/ फ्लेट क्रमांक | कुल संख्या | इकाईयों का उपयोग | आरक्षण की स्थिति | प्रत्येक इकाई का बिल्टअप एरिया वर्गमीटर में | फ्लेटों/इकाईयों का आरक्षित मूल्य | रजिस्ट्रीकरण का प्रकार | वार्षिक पट्टा भाड़ा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 402 | 1 | आवासीय | अनारक्षित | 98.75 | 33,91,273/- | यथानियम | यथानियम |
| 2. | 303, 403 | 2 | आवासीय | अनारक्षित | 108.02 | 37,09,623/- | यथानियम | यथानियम |
| 3. | 209, 309, 409 | 3 | आवासीय | अनारक्षित | 106.25 | 36,48,838/- | यथानियम | यथानियम |
| 4. | 410 | 1 | आवासीय | अनारक्षित | 93.75 | 32,19,563/- | यथानियम | यथानियम |
| 5. | 411 | 1 | आवासीय | अनारक्षित | 110.75 | 38,03,377/- | यथानियम | यथानियम |

इच्छुक व्यक्ति द्वारा निर्धारित बोली प्रपत्र ऑनलाइन के पोर्टल https://vikaspradhikaran.mponline.gov.in/ के माध्यम से दिनांक 06-03-2026 से दिनांक 25-03-2026 तक बोली दस्तावेज शुल्क रुपये 1000+180 जी.एस.टी. सहित कुल रुपये 1180/- तथा 10% धरोहर राशि का ऑनलाईन भुगतान कर बोली में भाग लिया जा सकता है। बोलियों को प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 25-03-2026 तक सायं 3:00 बजे तक निर्धारित की गई है। बोली दिनांक 26-03-2026 को अपरान्ह 3:00 बजे पश्चात ऑनलाईन खोली जावेगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :- 1. बोली केवल ऑनलाईन पोर्टल https://vikaspradhikaran.mponline.gov.in/ के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी।
2. बोली प्रस्तुतकर्ता के ऊपर म.प्र. शासन / प्राधिकरण के नियम तथा व्ययन नियम 2018 के साथ-साथ भविष्य में लागू नियम प्रभावशील होंगे।

सम्पर्क करें — श्री देवेन्द्र गुप्ता सहायक संपदा अधिकारी मोबा: 8120002920 | श्री आलोक नायक उपयंत्री मोबा: 9425108893


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95